रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर आर बी - ०३/२०२४ - CEN RRB - 03/2024

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/12/2024 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB JE DMS CMA CS MS |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

**Q.1** एक दंड चुंबक की चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ किसका उपयोग करके नहीं खींची जा सकतीं हैं?

**Ans** A). एक अन्य दंड चुंबक B). लकड़ी का बुरादा C). चुंबकीय दिक्सूचक D). लोहे का बुरादा

**Correct Answer: B**

**Q.2** अगस्त 2008 में भारत सरकार द्वारा शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (SCI) को कौन-सा दर्जा (status) प्रदान किया गया?

**Ans** A). दशरत्न B). नवरत्न C). मिनीरत्न D). महारत्न

**Correct Answer: B**

**Q.3** 15 एक निश्चित तर्क के अनुसार 35 से संबंधित है। 21 उसी तर्क के अनुसार 49 से संबंधित है। 27 उसी तर्क के अनुसार दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)

**Ans** A). 63 B). 69 C). 65 D). 51

**Correct Answer: A**

**Q.4** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए जिससे :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न तथा संबंध, और :: के दाईं ओर के बीच का पैटर्न तथा संबंध परस्पर समान हो?

**# : DGJ :: EHK : %**

**Ans** A). # = WZC, % = LOP B). # = WXC, % = LOR C). # = WZC, % = LOR D). # = MZC, % = LOR

**Correct Answer: C**

**Q.5** जब वर्षा जल का pH मान 5.6 से नीचे चला जाता है, तो इसे सामान्यतः क्या कहा जाता है?

**Ans** A). कठोर जल B). क्षारीय वर्षा C). खनिज वर्षा D). अम्लीय वर्षा

**Correct Answer: D**

**Q.6** यदि x, y के व्युत्क्रमानुपाती है, तथा x = 7 होने पर y = 6 है, तो y = 64 होने पर x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{22}{33}$ B). $\frac{21}{32}$ C). $\frac{21}{33}$ D). $\frac{23}{35}$

**Correct Answer: B**

**Q.7** यदि '×' का अर्थ 'जोड़' है, '+' का अर्थ 'घटाव' है, '−' का अर्थ 'भाग' है और '÷' का अर्थ 'गुणा' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

14 + 1 ÷ 7 × 32 − 8 = ?

Ans A). 12 B). 11 C). 14 D). 13 **Correct Answer: B**

**Q.8** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह युग्म में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). MO – RT B). JL – OQ C). DF – IK D). VW – XZ **Correct Answer: D**

**Q.9** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(एँ) करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(एँ) करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से किसमें, संक्रियाओं का वही समुच्चय है, जैसा नीचे दिए गए समुच्चयों में है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)

12-60-120-130; 14-70-140-150

Ans A). 15-75-150-140 B). 13-65-130-120 C). 16-80-160-170 D). 11-55-110-130 **Correct Answer: C**

**Q.10** यदि जल का अपवर्तनांक 1.33 है, तो जल में प्रकाश की चाल लगभग ___________ होगी।

Ans A). $2.26\times10^{8}$ m/s B). $3\times10^{8}$ m/s C). $1.5\times10^{8}$ m/s D). $4\times10^{8}$ m/s **Correct Answer: A**

**Q.11** एक निश्चित कूट भाषा में,
'hat tie watch' को 'zm ph mt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है,
'belt bow tie' को 'la oe zm' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है,
'bow watch clip' को 'oe mt dy' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
उस भाषा में 'hat' के लिए कूट क्या है? (नोट: सभी कूट केवल दो-अक्षर वाले कूट हैं।)

Ans A). ph B). zm C). mt D). oe **Correct Answer: A**

**Q.12** कालजयी भारतीय उपन्यास (classic Indian novel) 'चन्द्रकांता' मूलतः किस भाषा में लिखा गया था?

Ans A). उर्दू B). हिन्दी C). बंगाली D). तमिल **Correct Answer: B**

**Q.13** नृत्य महोत्सव के अलावा 'मामल्लपुरम' ('Mamallapuram') का मुख्य आकर्षण क्या है?

Ans A). आधुनिक कला दीर्घाएँ B). स्थानीय हस्तशिल्प C). मंदिरों का स्थापत्य सौंदर्य D). वन्यजीव अभयारण्य **Correct Answer: C**

**Q.14** दिल्ली सल्तनत में एक 'इक्ता' ('iqta') धारक, जो अपने 'इक्ता' के प्रशासनिक प्रमुख के रूप में भी काम करता था, को ________ नाम दिया गया था।

Ans A). काज़ी (qazi) B). वज़ीर (wazir) C). मुक्ति (muqti) D). एरिज़ (ariz) **Correct Answer: C**

**Q.15** चुंबक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans A). चुंबक, उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव वाला एक द्विध्रुव है। B). एक चुंबक, चुंबकीय क्षेत्र के साथ-साथ विद्युत क्षेत्र भी उत्पन्न करता है। C). एक चुंबक, एक इलेक्ट्रॉन को आकर्षित कर सकता है। D). एक चुंबक में, उत्तरी अथवा दक्षिणी ध्रुव हो सकता है। **Correct Answer: A**

**Q.16** 84, 126 और 210 का HCF ज्ञात कीजिए।

Ans A). 70 B). 14 C). 21 D). 42 **Correct Answer: D**

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे छोटा है?

Ans A). 15 : 47 B). 29 : 55 C). 19 : 60 D). 18 : 42 **Correct Answer: C**

**Q.18** मनुर बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 1 km ड्राइव करता है तथा बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). दक्षिण की ओर 5 km B). दक्षिण की ओर 6 km C). दक्षिण की ओर 3 km D). दक्षिण की ओर 2 km

Correct Answer: B

**Q.19** द्वि-विस्थापन अभिक्रिया में विशिष्ट रूप से ___________ का विनिमय होता है।

Ans A). न्यूट्रॉनों B). इलेक्ट्रॉनों C). प्रोटॉनों D). आयनों

Correct Answer: D

**Q.20** दिए गए पदार्थ के एक तार की लंबाई L और अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल A है, जिसका प्रतिरोध 4 Ω है। समान पदार्थ से बने L/2 लम्बाई वाले दूसरे तार का प्रतिरोध कितना होगा?

Ans A). 8 Ω B). 2 Ω C). 4 Ω D). 1 Ω

Correct Answer: B

**Q.21** राइजोपस जैसे कवक में विशेष प्रजनन संरचनाएं, जो अंकुरित होकर नए जीव बनाती हैं, ___________ कहलाती हैं।

Ans A). पराग (Pollens) B). बीजाणु (Spores) C). परागकोश (Anthers) D). मुकुलक (Gemmules)

Correct Answer: B

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन-सी, एक सजातीय श्रेणी नहीं है?

Ans A). $CH_4$ , $C_2H_6$ , $C_3H_8$ , $C_4H_{10}$ B). $C_3H_7OH$ , $C_4H_9OH$ , $C_5H_{11}OH$ , $C_6H_{11}OH$ C). $C_2H_2$ , $C_2H_4$ , $C_3H_6$ , $C_4H_8$

D). $C_2H_4$ , $C_2H_6$ , $C_3H_6$ , $C_4H_8$

Correct Answer: D

**Q.23** निम्न रैखिक समीकरणों के निकाय का हल क्या होगा?

$x + y + z = 6, 2x - y + 3z = 14, -x + 2y - z = -2$

Ans A). $x = \frac{5}{3}, y = \frac{-5}{3}, z = 6$ B). $x = \frac{4}{3}, y = \frac{-4}{3}, z = 5$ C). $x = \frac{-4}{3}, y = \frac{4}{3}, z = 6$

D). $x = \frac{-5}{3}, y = \frac{5}{3}, z = -6$

Correct Answer: C

**Q.24** $H^+$ आयनों की सार्थक सांद्रता वाले एक विलयन का pH मान कितना होगा?

Ans A). 7 से कम B). 7 C). निर्धारित नहीं किया जा सकता है D). 7 से अधिक

Correct Answer: A

**Q.25** मेंडल ने मटर के पौधों में पुष्प के रंग और बीज के आकार जैसे विशेषकों (traits) का अध्ययन किया। इन विशेषकों को ___________ कहा जाता है।

Ans A). संतति इकाई (progeny units) B). दृश्यमान लक्षण (visible characters) C). प्रभावी लक्षण (dominant characteristics)

D). आनुवंशिक कूट (genetic codes)

Correct Answer: B

**Q.26** निम्नलिखित संख्या एवं प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 3 8 9 5 £ 6 3 @ 3 % @ 7 * 1 # 2 6 9 2 7 & £ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans A). 5 B). 4 C). 6 D). 3

Correct Answer: B

**Q.27** दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

$(\sin A + \operatorname{cosec} A)^2 + (\cos A - \sec A)^2 + 3$

Ans A). $1 + \tan^2 A + \cot^2 A$ B). $3 + \tan^2 A + \cot^2 A$ C). $\tan^2 A + \cot^2 A$ D). $6 + \tan^2 A + \cot^2 A$

Correct Answer: D

**Q.28** निम्नलिखित में से कौन-सा विद्युत उपकरण, निम्न तापमान बनाए रखते हुए भोजन को परिरक्षित करने में मदद करता है?

Ans A). रेफ्रिजरेटर (Refrigerator) B). टोस्टर (Toaster) C). माइक्रोवेव (Microwave) D). इलेक्ट्रिक केटल (Electric kettle)

Correct Answer: A

**Q.29** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

30 C 48 D 36 B 50 A 20 = ?

**Ans** A). −11 B). −14 C). −10 D). −12 **Correct Answer: D**

**Q.30** $8.25 \times 6 - 3.14 \times 7 + 2.758 \text{ of } 2.5 - 4.365 \times 5$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 12.97 B). 11.82 C). 11.05 D). 12.59 **Correct Answer: D**

**Q.31** निम्नलिखित जैवमंडलीय भंडार गृहों (Biosphere Reserves) का उनसे संबंधित राज्यों से मिलान करें।
जैवमंडलीय भंडार गृह राज्य
1. नोकरेक a. मेघालय
2. पन्ना b. मध्य प्रदेश
3. मानस c. असम

**Ans** A). 1-c, 2-b, 3-a B). 1-a, 2-c, 3-b C). 1-a, 2-b, 3-c D). 1-b, 2-a, 3-c **Correct Answer: C**

**Q.32** अवतल दर्पण के लिए, दर्पण के सापेक्ष वक्रता केन्द्र कहाँ स्थित होता है?

**Ans** A). दर्पण के फोकस बिंदु पर B). दर्पण के सामने C). दर्पण के पीछे D). दर्पण की सतह पर **Correct Answer: B**

**Q.33** Q की बहन R की पुत्री P है। Q की पत्नी S है और S का पुत्र T है। P का T के साथ क्या संबंध है?

**Ans** A). बहन की पुत्री (Sister's daughter) B). पिता की पुत्री (Father's daughter) C). पिता की मां (Father's mother) D). पिता की बहन की पुत्री (Father's sister's daughter) **Correct Answer: D**

**Q.34** पुरुषों में गर्भनिरोधन हेतु शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं में, निम्नलिखित में से किसे अवरुद्ध करके शुक्राणु स्थानांतरण रोका जाता है?

**Ans** A). वृषण (Testes) B). अंडाशय (Ovary) C). डिंबवाहिनी नली (Fallopian tubes) D). शुक्र वाहक (Vas deferens) **Correct Answer: D**

**Q.35** D, E, F, K, L, M और N में से प्रत्येक की परीक्षा सप्ताह के अलग-अलग दिन है, जो उसी सप्ताह के सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होती है।
N की परीक्षा गुरुवार को है। L की परीक्षा, N की परीक्षा से दो दिन पहले है। F और L की परीक्षाओं के बीच केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा है। M की परीक्षा, L की परीक्षा के बाद किसी दिन है। D की परीक्षा, E की परीक्षा से ठीक पहले वाले दिन है। E और M की परीक्षाओं के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans** A). चार B). तीन C). एक D). दो **Correct Answer: D**

**Q.36** यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 40 है, तो X का मान क्या है?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| xi | 10 | 25 | 70 | 85 |
| fi | 21 | X | 22 | 35 |

**Ans** A). 134 B). 112 C). 107 D). 120 **Correct Answer: C**

**Q.37** एक व्यक्ति ने एक वस्तु को इसके अंकित मूल्य पर पहले d% की छूट और फिर उतने ही सममूल्य (₹ में) की एक और छूट देकर ₹533 में बेचा। यदि वस्तु का अंकित मूल्य ₹1025 है, तो d का मान क्या है?

**Ans** A). 21 B). 29 C). 24 D). 22 **Correct Answer: C**

**Q.38** अमित, ₹35 प्रति kg की दर पर 10 kg चावल खरीदता है और ₹44 प्रति kg की दर पर 39 kg चावल खरीदता है। वह मिश्रण को ₹42 प्रति kg की दर पर बेचता है। उसकी हानि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 13 B). 8 C). 16 D). 3 **Correct Answer: B**

**Q.39** यदि वस्तु को अवतल दर्पण के सामने उसके वक्रता केंद्र (C) से परे रखा जाए, तो बनने वाला प्रतिबिंब ___________ होगा।

**Ans** A). वास्तविक, उल्टा और छोटा B). आभासी, सीधा और छोटा C). वास्तविक, उल्टा और बड़ा D). आभासी, सीधा और बड़ा **Correct Answer: A**

**Q.40** एक संख्या में 50 % की वृद्धि करने पर 2790 प्राप्त होता है। वह संख्या ________है।

**Ans** A). 5580 B). 1860 C). 3720 D). 930 **Correct Answer: B**

Q.41 एक लम्ब वृत्तीय शंकु के आधार की त्रिज्या 21 m है तथा इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 1914 $m^2$ है। शंकु का आयतन ($m^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 9549 B). 8549 C). 10250 D). 9240

Correct Answer: D

Q.42 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FMK HOM JQO LSQ ?

Ans A). NUR B). NVS C). NUS D). NVR

Correct Answer: C

Q.43 शालिनी अपनी कार से 54 km/h की चाल से 270 km की दूरी और 30 km/h की चाल से 300 km की दूरी तय करती है। शालिनी की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 38 B). 43 C). 47 D). 44

Correct Answer: A

Q.44 संतुलित रासायनिक समीकरण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

Ans A). उत्पादों में अभिक्रियकों की तुलना में अधिक परमाणु होते हैं। B). प्रत्येक पक्ष पर अणुओं की संख्या सदैव बराबर होती है। C). प्रत्येक तत्व के परमाणुओं की कुल संख्या समीकरण के दोनों ओर समान होती है। D). अभिक्रियक का द्रव्यमान सदैव उत्पाद के द्रव्यमान से अधिक होता है।

Correct Answer: C

Q.45 यह प्रश्न, चार अंकों वाली पाँच निम्नांकित संख्याओं पर आधारित है।
(बाईं ओर) 5479 3126 6785 9254 1630 (दाईं ओर)
(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट: सभी संक्रियाएँ बाईं ओर से दाईं ओर की जानी चाहिए।
यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या का चौथा अंक, सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ दिया जाए, तो कौन-सा परिणाम प्राप्त होगा?

Ans A). 8 B). 10 C). 14 D). 12

Correct Answer: A

Q.46 KL91 किसी निश्चित तरीके से CD66 से संबंधित है। उसी प्रकार, MN81, EF56 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए OP71 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). GH46 B). GH56 C). HG56 D). HG46

Correct Answer: A

Q.47 उत्तर दिशा की ओर अभिमुखित 25 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, मनोज दाएं छोर से 15वें स्थान पर है। यदि मनोज के बाईं ओर से हरीश 10वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से हरीश किस स्थान पर है?

Ans A). 1ले B). 2रे C). 3रे D). 4थे

Correct Answer: A

Q.48 जब कोई धातु और सल्फ्यूरिक अम्ल एक दूसरे के साथ अभिक्रिया करते हैं, तो धातु हाइड्रोजन को विस्थापित कर देती है, जो कि सक्रियता श्रेणी (reactivity series) में उच्चतर होती है। उस धातु की पहचान कीजिए जिसके लिए हाइड्रोजन गैस का बुद्‌बुद्र (bubbling) सबसे तीव्र होगा।

Ans A). मैग्नीशियम B). ऐलुमिनियम C). ज़िंक D). आयरन

Correct Answer: A

Q.49 जून 2024 में किस IIT के विद्यार्थियों और प्रोफेसरों ने एक अभिनव (innovative) अग्नि बचाव ड्रोन विकसित किया है?

Ans A). IIT धारवाड़ B). IIT मंडी C). IIT मद्रास D). IIT दिल्ली

Correct Answer: A

Q.50 राम और रमेश की आयु का योग 48 वर्ष है। चार वर्ष पहले राम की आयु, रमेश की आयु से तीन गुनी थी। अब से पाँच वर्ष बाद रमेश की आयु कितनी होगी?

Ans A). 19 वर्ष B). 18 वर्ष C). 14 वर्ष D). 21 वर्ष

Correct Answer: A

Q.51 निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक कारण है कि समस्त बहुकोशिकीय जीव खंडन द्वारा प्रजनन नहीं करते हैं?

Ans A). वे एककोशिकीय होते हैं। B). उनकी कोशिकाएँ शिथिल रूप से संगठित होती हैं। C). उनमें ऊतकों और अंगों में संगठित विशेष कोशिकाएँ होती हैं। D). उनमें कोशिकाओं का यादृच्छिक विन्यास होता है।

Correct Answer: C

Q.52 यदि A : B = 1 : 3, B : C = 4 : 3 और C : D = 6 : 7 है, तो A : B : C : D कितना होगा?

Ans A). 8:24:16:21 B). 8:24:18:21 C). 6:24:18:21 D). 8:22:18:21

Correct Answer: B

**Q.53** 1927 में एक शहर की जनसंख्या 232300 थी। यदि इसकी जनसंख्या में लगातार दो दशकों तक, प्रत्येक दशक में 30% की वृद्धि होती है, तो 1947 में शहर की जनसंख्या कितनी थी?

Ans A). 392587 B). 392592 C). 392585 D). 392583

Correct Answer: A

**Q.54** एक प्रश्न दिया गया है जिसके बाद I और II से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। पहचान कीजिए कि कौन-सा/से कथन, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं।

प्रश्न: A, B, C, D और E उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी रेखा में बैठे हैं। बाएं सिरे पर कौन बैठा है?
(I) A, E के दाएं चौथे स्थान पर बैठा है।
(II) B और C के बीच ठीक 1 व्यक्ति बैठा है।

Ans A). कथन I और II दोनों, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, किंतु पृथक रूप से पर्याप्त नहीं हैं।
B). कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
C). कथन I और II दोनों, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
D). कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: D

**Q.55** 250 और 450 के बीच वे संख्याएं जो 8, 12 और 18 से विभाज्य हैं, उनका योगफल कितना है?

Ans A). 1008 B). 936 C). 1152 D). 1080

Correct Answer: D

**Q.56** निम्नांकित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

160 151 141 130 118 ?

Ans A). 105 B). 101 C). 95 D). 91

Correct Answer: A

**Q.57** 5 फरवरी 2024 से 6 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए 5.25% प्रति वर्ष ब्याज दर पर ₹4000 पर साधारण ब्याज (निकटतम पूर्णांक ₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 34 B). 33 C). 35 D). 36

Correct Answer: C

**Q.58** एक दुकानदार, किसी पंखे पर उसके क्रय मूल्य से 25% अधिक मूल्य अंकित करता है और उस पर 10% की छूट देता है। यदि वह ₹117 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 896 B). 1346 C). 1308 D). 1170

Correct Answer: D

**Q.59** मानव नर जनन कोशिका में गुणसूत्रों की संख्या कितनी होती है?

Ans A). 46 गुणसूत्र B). 46 युग्म गुणसूत्र C). 23 युग्म गुणसूत्र D). 23 गुणसूत्र

Correct Answer: D

**Q.60** 35 पुरुष किसी कार्य को 48 दिन में पूरा कर सकते हैं। उसी कार्य को 21 दिन में पूरा करने के लिए कितने पुरुषों की आवश्यकता होगी?

Ans A). 80 B). 79 C). 72 D). 77

Correct Answer: A

**Q.61** 220-V लाइन पर, 5 A प्रवाहित करने के लिए आवश्यक 176-Ω प्रतिरोधकों (समांतर क्रम में) की संख्या कितनी होगी?

Ans A). 2 B). 4 C). 8 D). 16

Correct Answer: B

**Q.62** छह अंकों वाली एक संख्या 91 से विभाज्य है। यदि इस संख्या में 143 जोड़ा जाता है, तो परिणामी संख्या निम्नलिखित में से किस संख्या से विभाज्य होगी?

Ans A). 7 B). 11 C). 13 D). 91

Correct Answer: C

**Q.63** दो व्यक्तियों की आयु में 24 वर्ष का अंतर है। यदि 6 वर्ष पहले, दोनों में से बड़े की आयु, छोटे की आयु की चार गुना थी, तो उनकी वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans A). 12 और 36 वर्ष B). 15 और 39 वर्ष C). 16 और 40 वर्ष D). 14 और 38 वर्ष

Correct Answer: D

**Q.64** द्वि-विस्थापन अभिक्रिया में क्या होता है इसका सर्वोत्तम ढंग से वर्णन निम्नलिखित में से कौन सा कथन करता है?

Ans A). एक यौगिक, सरल पदार्थों में टूट जाता है। B). परमाणुओं के बीच इलेक्ट्रॉनों का स्थानांतरण होता है। C). दो तत्व मिलकर एक यौगिक बनाते हैं।
D). दो यौगिकों के आयन स्थान बदलकर दो नए यौगिक बनाते हैं।

Correct Answer: D

**Q.65** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजन/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). HPSX B). KSVA C). CKNS D). ENPU

Correct Answer: D

**Q.66** B, C, E, F और H की लंबाई अलग-अलग है। B, C से अधिक लंबा है। केवल E, F से छोटा है। H, B से अधिक लंबा है। कितने व्यक्ति C से अधिक लंबे हैं?

Ans A). एक B). दो C). तीन D). चार

Correct Answer: B

**Q.67** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक विधानसभा होगी और ऐसी विधानसभा की सीटें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने गए सदस्यों से भरी जाएंगी?

Ans A). अनुच्छेद 239 AA B). अनुच्छेद 239 AB C). अनुच्छेद 239 B D). अनुच्छेद 239A

Correct Answer: A

**Q.68** यांत्रिक रोध (mechanical barrier) गर्भनिरोधक विधि, निम्नलिखित में से किस रोग की रोकथाम के लिए उपयोग की जाती है?

Ans A). टीबी (TB) B). एड्स (AIDS) C). टाइफॉइड (Typhoid) D). मलेरिया (Malaria)

Correct Answer: B

**Q.69** दो नल एक टंकी को क्रमशः 2 घंटे और 53 घंटे में भर सकते हैं। एक तीसरा नल इसे 53 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नलों को एक साथ खोल दिया जाए तो खाली टंकी को भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans A). 5 B). 2 C). 3 D). 4

Correct Answer: B

**Q.70** भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के कितने सदस्यों को मनोनीत किया जाता है?

Ans A). 12 B). 15 C). 8 D). 10

Correct Answer: A

**Q.71** एक मोहल्ले के 10 परिवारों में बच्चों की संख्या 2, 1, 3, 4, 2, 3, 5, 1, 1, 3 है।
प्रति परिवार बच्चों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2.8 B). 2.4 C). 3 D). 2.5

Correct Answer: D

**Q.72** क्वाड लीडर्स समिट (Quad Leaders' Summit) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1) क्वाड लीडर्स समिट का आयोजन 2024 में विलमिंगटन (अमेरिका) में किया गया।
2) वर्ष 2024 में समूह के गठन के 22 वर्ष पूरे हो गए।
3) भारत, 2025 क्वाड लीडर्स समिट की मेजबानी करेगा।

Ans A). केवल 1 और 2 B). केवल 2 और 3 C). केवल 1 और 3 D). केवल 1

Correct Answer: C

**Q.73** इलेक्ट्रिक वाहनों को अल्पकालिक सहायता प्रदान करने के लिए मार्च 2024 में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रोत्साहन योजना निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने शुरू की?

Ans A). कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय B). भारी उद्योग मंत्रालय C). सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय D). पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

Correct Answer: B

**Q.74** यदि वोल्टता स्थिर रखते हुए परिपथ के प्रतिरोध में वृद्धि की जाए, तो विद्युत-धारा पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans A). दोगुनी हो जाएगी B). घटेगी C). स्थिर रहेगी D). वृद्धि होगी

Correct Answer: B

**Q.75** मान लीजिए O त्रिभुज PQR का अंत:केंद्र है और भुजा QR पर S इस प्रकार स्थित एक बिंदु है कि $OS \perp QR$ है। यदि $\angle QOS = 15^\circ$ है, तो $\angle PQR$ का कितना होगा?

Ans A). $150^\circ$ B). $130^\circ$ C). $65^\circ$ D). $75^\circ$

Correct Answer: A

**Q.76** 1 से 95 तक की सभी प्राकृतिक संख्याओं का औसत कितना है?

Ans A). 47.5 B). 48.5 C). 49 D). 48

Correct Answer: D

**Q.77** किसी निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के लिए अर्जित ब्याज ₹3726 है और ब्याज दर 15% वार्षिक है, जो वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित होती है। धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹20885 B). ₹21600 C). ₹21185 D). ₹20835

Correct Answer: B

**Q.78** अपवर्तनांक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans A). कांच का अपवर्तनांक 1 से कम होता है। B). निर्वात में, अपवर्तनांक केवल प्रकाश की चाल पर निर्भर करता है। C). जल का अपवर्तनांक सदैव 1 से अधिक होता है। D). किसी दिए गए माध्यम का अपवर्तनांक प्रकाश की तरंग दैर्ध्य से स्वतंत्र होता है।

Correct Answer: C

**Q.79** एड्स के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

Ans A). एड्स, मच्छर के काटने से फैल (transmit) सकता है। B). एड्स, शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करता है। C). एड्स, एचआईवी वायरस के कारण होता है। D). सुरक्षित यौन संबंध के अभ्यास से एड्स को रोका जा सकता है।

Correct Answer: A

**Q.80** फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹16440 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3:5:7 है, तो सबसे सस्ती वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3288 B). 5480 C). 7672 D). 9864

Correct Answer: D

**Q.81** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, GJBF एक निश्चित तरीके से ILDH से संबंधित है। JMEI उसी तरीके से LOGK से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MPHL निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). ROJN B). ORJN C). RONJ D). ORNJ

Correct Answer: B

**Q.82** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकार जीवन के अधिकार का हिस्सा नहीं है?

Ans A). संपत्ति का अधिकार B). आजीविका का अधिकार C). निःशुल्क कानूनी सहायता का अधिकार D). निजता का अधिकार

Correct Answer: A

**Q.83** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
78 79 83 92 108 ?

Ans A). 132 B). 135 C). 133 D). 134

Correct Answer: C

**Q.84** वार्षिक वित्तीय विवरण 2024-25 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

1) बजट 2024-25 चार जातियों पर केंद्रित होगा।
2) अगले 2 वर्षों में देश भर में 1 करोड़ किसानों को प्रमाणन और ब्रांडिंग द्वारा समर्थित प्राकृतिक खेती शुरू की जाएगी।
3) 20,000 आवश्यकता-आधारित जैव-इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
4) परिणाम उन्मुख दृष्टिकोण के साथ हब और स्पोक व्यवस्था में 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक तरीके से विकसित किया जाएगा।

Ans A). केवल 4 B). केवल 3 C). केवल 2 D). केवल 1

Correct Answer: B

**Q.85** हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA) की स्थापना 1928 में, निम्नलिखित में से किस शहर में की गई थी?

Ans A). लाहौर B). पुणे C). दिल्ली D). कलकत्ता

Correct Answer: C

**Q.86** निषेचन के बाद फल में क्या विकसित होता है?

Ans A). अंडाशय B). परागकोश C). वर्तिकाग्र D). वर्तिका

Correct Answer: A

**Q.87** दो समरूप त्रिभुजों की दो संगत भुजाओं की लंबाइयों का अनुपात 17 : 13 है। उल्लिखित क्रम में, इन दोनों त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 289 : 169 B). 17 : 13 C). $17\sqrt{17} : 13$ D). 290 : 170

Correct Answer: A

**Q.88 अलैंगिक जनन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

Ans A). इसके लिए जटिल प्रजनन अंगों की आवश्यकता होती है। B). इसमें दो जनक जीव संलग्न होते हैं।
C). इसके परिणामस्वरूप संतति, आनुवंशिक रूप से जनक के समान होती है। D). इसके लिए निषेचन की आवश्यकता होती है।
Correct Answer: C

**Q.89 केंद्रीय बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों की आरक्षित आवश्यकता अनुपात को बढ़ाने का प्राथमिक कारण कौन-सा है?**

Ans A). अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को कम करना B). अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को बढ़ाना C). वाणिज्यिक बैंकों की लाभप्रदता को कम करना
D). बैंकों को अधिक ऋण देने के लिए प्रोत्साहित करना
Correct Answer: A

**Q.90 बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा में क्या अंतर होता है?**

Ans A). बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का मिश्रण है। B). बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और टार्टरिक अम्ल का मिश्रण है।
C). बेकिंग सोडा, बेकिंग पाउडर और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का मिश्रण है। D). बेकिंग सोडा, बेकिंग पाउडर और टार्टरिक अम्ल का मिश्रण है।
Correct Answer: B

**Q.91 P, Q, R, S, T और U एक गोलाकार मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T के बाईं ओर तीसरे स्थान पर U बैठा है। Q के दाईं ओर दूसरे स्थान पर R बैठा है। T का निकटतम पड़ोसी Q नहीं है। R का निकटतम पड़ोसी P नहीं है। Q के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?**

Ans A). P B). T C). S D). U
Correct Answer: C

**Q.92 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।**

**कथन:**
**सभी जल, तरल पदार्थ हैं।**
**सभी तरल पदार्थ, रस हैं।**
**सभी रस, फल हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) सभी जल, फल हैं।**
**(II) कुछ फल, तरल पदार्थ हैं।**

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
Correct Answer: B

**Q.93 कंडोम, गर्भनिरोधक की अवरोध विधि होने के अलावा, निम्नलिखित में से किस उद्देश्य को पूरा करता है?**

Ans A). त्वचा से त्वचा के संपर्क से फैलने वाली बीमारियों को रोकना B). गोनोरिया (gonorrhoea) जैसे STDs के संचरण को रोकना C). यौन इच्छा को कम करना
D). गोनोरिया जैसे STDs के संचरण में सहायता करना
Correct Answer: B

**Q.94 कपिल परमार ने पैरालिंपिक गेम्स 2024 में, किस खेल में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रचा?**

Ans A). तलवारबाज़ी (Fencing) B). जूडो (Judo) C). निशानेबाज़ी (Shooting) D). टेबल टेनिस (Table Tennis)
Correct Answer: B

**Q.95 A और B के बीच की दूरी 1253 km है। चमन, A से B तक 93 km/h की चाल से जाता है और फिर 95 km/h की चाल से वापस A तक आता है। चमन की औसत चाल ज्ञात कीजिए। (दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)**

Ans A). 90.46 km/h B). 93.99 km/h C). 103.98 km/h D). 94.47 km/h
Correct Answer: B

**Q.96 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?**

**TUR FGD RSP DEB ?**

Ans A). PNQ B). NPQ C). NQP D). PQN
Correct Answer: D

**Q.97 द्विविस्थापन अभिक्रिया में जब सोडियम क्लोराइड और सिल्वर नाइट्रेट को मिलाया जाता है तो क्या परिणाम होता है?**

Ans A). जल का निर्माण (Formation of water) B). गैस का निर्माण (Formation of a gas) C). लवण का निर्माण (Formation of a salt)
D). अवक्षेप का निर्माण (Formation of a precipitate)
Correct Answer: D

**Q.98** चार क्रमागत विषम संख्याओं का औसत 36 है। इनमें से सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है?

**Ans** A). 41 B). 39 C). 43 D). 37

**Correct Answer: B**

**Q.99** धावन सोडा का आणविक सूत्र कौन-सा है?

**Ans** A). $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$ B). $Na_2CO_3$ C). NaCl D). $NaHCO_3$

**Correct Answer: A**

**Q.100** एक निश्चित कूट में,
'red blue green' को 'dy ph mt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है,
'blue violet black' को 'lp ph st' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और
'black red white' को 'st bq dy' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
सभी कूट केवल दो अक्षर वाले कूट हैं।
white को किस रूप में कूटबद्ध किया गया है?

**Ans** A). bq B). ph C). st D). dy

**Correct Answer: A**



oliveboard